7

संoसंo–2/कोर्ट–72/2025–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : डाo अनिल कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, पीoपीo प्रोग्राम सदर अस्पताल, सिवान के अवकाश खाते में संचित 240 (दो सौ चालीस) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषयक वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2)विo दिनांक–24.12.1986 पत्रांक–1829(2)विo दिनांक 07.04.2005 एवं वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग के ज्ञाप संख्या–173(25), दिनांक–28.01.2026 के आलोक में डाo अनिल कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, पीoपीo प्रोग्राम सदर अस्पताल, सिवान को उनके अवकाश खाते में संचित 240 (दो सौ चालीस) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(2) डाo अनिल कुमार त्रिपाठी का सेवानिवृत्ति की तिथि–31.07.2021 है।

(3) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिवान के पत्रांक–717 दिनांक–05.03.2026 द्वारा द्वारा सूचित किया गया है कि डाo अनिल कुमार त्रिपाठी दिनांक–24.04.2001 को योगदान दे कर दिनांक–25.04.2001 से बिना किसी सूचना के कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहे। (छायाप्रति संलग्न)। विभागीय अधिसूचना संख्या–833(9) दिनाक–11.09.2024 द्वारा डाo त्रिपाठी के अनुपस्थित अवधि को कार्य नहीं तो वेतन नहीं के साथ किसी भी प्रयोजन हेतु आलोच्य अवधि की गणना नही करने का विनिश्चय संसूचित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध में अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डाo अनिल कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, पीoपीo प्रोग्राम सदर अस्पताल, सिवान के पक्ष में 240 (दो सौ चालीस) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र अधीक्षक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सदर अस्पताल, सिवान के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–2/कोर्ट–72/2025– 625(2) पटना, दिनांक 25/3/2026

प्रतिलिपि: महालेखाकार (लेo एवं हo) बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिवान/अधीक्षक, सदर अस्पताल, सिवान/कोषागार पदाधिकारी, सिवान/डाo अनिल कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, मोहल्ला–छत्रधारी बाजार, जेल से दक्षिण, डाकघर+थाना– भगवान बाजार, जिला–छपरा (सारण), पिन–841301 /प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एव 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आईoटीo मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Vinod K 18/3/26
सरकार के उप सचिव।